Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding setting up of hydro-electric or thermal power project in Deoghar district, Jharkhand-laid

श्री सुनील सोरेन (दुमका): संथाल परगना में एनटीपीसी कहलगांव या फिर डीवीसी मैथन विद्युत संयंत्रों से बिजली की आपूर्ति हो रही है। जबकि दुमका लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत देवघर जिला के सारठ प्रखंड क्षेत्र के सिकटिया बराज में जल विद्युत संयंत्र (हाइडल) पावर या फिर थर्मल पॉवर के लिए उपयुक्त स्थान हो सकता है जहां जमीन व पानी की उपलब्धता है।

अगर एनटीपीसी के द्वारा थर्मल पॉवर प्लांट अधिष्ठापित करने की आवश्यकता महसूस हुई तो महज 14 किलोमीटर की दूरी पर कोयले का प्रचुर भंडार है। ईसीएल की परियोजना एसपी माइंस चितरा कोलियरी है। यहां से थर्मल पावर प्लांट के लिए आसानी से कोयला उपलब्ध हो सकता है। कोयले के संप्रेषण खर्च में भी कमी आएगी।

मैं विभागीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि ऊपर वर्णित तथ्यों पर विचार करते हुए इसका निदान किया जाए।